श्री बंशीधर नगर, बुधवार
04.12.2024
मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष चतुर्थी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 101



# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:20 बजे
अस्त - 05:08 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 26 डिग्री से.
न्यूनतम : 13 डिग्री से.

डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

विधायक नरेश सिंह ने ली योजनाओं की जानकारी >> पेज 03
श्रद्धा आर्या बनीं जुड़वां बच्चों की मां : पेज 04

**सुविचार**

तूफान का आना भी जरूरी होता है, जिंदगी में तभी पता चलता है कौन हाथ पकड़ता है और कौन हाथ छोड़ जाता है!

**न्यूज अपडेट्स**

### अर्जुन मुंडा के बड़े भाई भीमसेन मुंडा का निधन

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के बड़े भाई भीमसेन मुंडा का मंगलवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। इस संबंध में अर्जुन मुंडा ने सोशल मीडिया एक्स पर दुख जताते हुए जानकारी दी है। मुंडा ने कहा कि उनके बड़े भाई भीमसेन मुंडा का अंतिम संस्कार पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) स्वर्णरेखा घाट मानगो में होगा। इससे पहले घोड़ाबांधा, जमशेदपुर स्थित घर से सुबह 11.30 बजे अंतिम यात्रा निकलेगी। अर्जुन मुंडा ने पोस्ट में लिखा है कि दुःखद समाचार व्यथित मन से बताना पड़ रहा है कि मेरे अभिभावक, मेरे बड़े भाई भीमसेन मुंडा अब हमारे बीच में नहीं रहे। यह पीड़ा असहनीय है और उनकी कमी को कोई भी पूरा नहीं कर सकता। वे लंबे समय से बीमारी से संघर्ष कर रहे थे और मंगलवार को प्रातः हम सभी को छोड़कर चले गये। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के भाई भीमसेन मुंडा के निधन की सूचना मिलने पर शोक जताया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा कि निधन की सूचना मिलने से मन व्यथित है। शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं एवं मरांग बुरु से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की कामना करता हूं।

**अपराध** ताबड़तोड़ आठ गोलियों की आवाज से थराया श्री बंशीधर नगर शहर

# गढ़वा का कुख्यात सत्या की हत्या

### मृतक की कमर से देसी कट्टा व दो जिंदा गोली बरामद

### घटनास्थल से आठ खोखे व मृतक की ग्लैमर बाईक जब्त

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर शहर के गोसाईबाग में अज्ञात अपराधियों ने गढ़वा के कुख्यात अपराधी सत्येन्द्र कुमार उर्फ सत्या की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी। घटना मंगलवार को करीब तीन बजे दिन की है। पुलिस ने जांच के दौरान मृतक के कमर से एक देशी कट्टा व दो जिंदा गोली बरामद किया है। साथ ही घटनास्थल से आठ खोखा व मृतक का ग्लैमर बाईक जब्त किया है। गोली सत्येन्द्र कुमार के बायें सर में लगी है। मृतक गढ़वा थाना क्षेत्र के सोनपुरवा निवासी सुरेश राम पासवान का पुत्र है। मंगलवार को श्री बंशीधर नगर हाट बाजार होने के कारण शहर में भीड़ भाड़ ज्यादा थी। शहर में दिन में ताबड़तोड़ आठ गोलियों की तड़तड़ाहट से पूरा शहर थरा उठा। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया तथा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी शुरू कर दी। घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार श्री बंशीधर नगर शहर के गोसाईबाग में टायर दुकान में एक बाईक से दो लोग पहुंचे थे। बाईक पर सवार दो लोग में से एक टायर दुकान में बाईक में हवा लेने लगा तथा दूसरा गुटखा लेने के लिये पान गुमटी पर गया था। इसी बीच बाईक पर सवार दो अपराधी पहले से ही लाईन होटल के पास मौजूद थे। गुटखा लेने गये सत्येन्द्र कुमार उर्फ सत्या को लक्ष्य साधते हुये अपराधी ने पिस्टल से उसपर ताबड़तोड़ गोली चला दी। जिससे सत्येन्द्र कुमार घटनास्थल पर गिर पड़ा और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक किसी तरह भाग कर जान बचाकर भागने में सफल रहा। गोली सत्येन्द्र कुमार के बायें सर में लगी है। फायरिंग करने के बाद जबतक लोग कुछ समझ पाते तबतक दोनों अपराधी बाईक पर सवार होकर उत्तर दिशा की ओर भाग निकले। उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने घटनास्थल पर पहुंच कर पूरे मामले की जांच की तथा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी शुरू कर दी। मृत युवक की तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके कमर से देशी कट्टा व दो जिंदा गोली बरामद किया है। साथ ही घटनास्थल से आठ खोखा एवं एक ग्लैमर बाईक बरामद किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में कर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। उधर गोली चलने की खबर शहर में आग की तरह फैल गई। बड़ी संख्या में लोगों ने घटनास्थल पर पहुंच कर घटना की जानकारी लेने लगे। देखते ही देखते घटनास्थल पर शव देखने के लिये लोगों की भीड़ लग गई। उधर घटना के एक घंटे बाद सत्येन्द्र कुमार का दूसरा साथी रिश्ते में भाई विकास पासवान भागते हुये थाना पहुंच तथा पुलिस को घटना की पूरी जानकारी दी। वह बिहार के औरंगाबाद जिले का रहने वाला है। घटना के बाद श्री बंशीधर नगर शहर में भय का माहौल व्याप्त है।



### क्या कहते हैं एसडीपीओ

घटना के विषय में एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने बताया कि मृतक के भाई विकास पासवान से जानकारी मिलने के बाद अपराधियों की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी अभियान तेज कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद से सभी थानों को एलर्ट कर दिया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि मृत सत्येन्द्र कुमार उर्फ सत्या का आपराधिक इतिहास रहा है। जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### इकबाल खान ने की सत्या की हत्या : विकास



श्री बंशीधर नगर शहर के गोसाईंबाग में मंगलवार को दिनदहाड़े गढ़वा के कुख्यात अपराधी सत्येंद्र कुमार उर्फ सत्या पासवान की हत्या के बाद जान बचाकर भागा उसका दूसरा साथी एक घंटे बाद हांफते हुये थाना पहुंचा। थाना पहुंचा मृतक का दूसरा साथी ने स्वयं को मृतक सत्या का रिश्ते में भाई व अपना नाम विकास पासवान घर बारुण औरंगाबाद बिहार बताया। विकास ने बताया कि सत्या को श्री बंशीधर नगर के पुरनानगर निवासी कुख्यात अपराधी इकबाल खान ने गोली मारकर हत्या की है। बकौल विकास मुझे भी गोली मारने के लिये इकबाल ने दौड़ाया था, पर मैं भागकर किसी तरह जान बचाया और थाना पहुंचा। विकास के अनुसार इकबाल ने सत्या को श्री बंशीधर नगर बुलाकर गोली मारी है। इकबाल के साथ एक युवक और था जिसे विकास पहचान नहीं सका। विकास के अनुसार सत्या गढ़वा से उसे लेकर इकबाल से मिलने आया था।

## साइबर अपराध चुनौती-स्ट्रांग सेटअप तैयार करें, अपराधियों पर पुलिस का भय आवश्यक : मुख्यमंत्री

बंशीधर न्यूज

**रांची :** मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में आज राज्य में विधि व्यवस्था का संधारण एवं अपराध नियंत्रण, अवैध माइनिंग पर रोक, मादक पदार्थ पर नकेल कसने एवं साइबर क्राइम पर लगाम लगाने से संबंधित एक उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री के समक्ष पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से राज्य में विधि व्यवस्था, अवैध माइनिंग पर रोक तथा विभिन्न प्रकार के अपराध नियंत्रण को लेकर की जा रही कार्रवाई की विस्तृत जानकारी रखी गई। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि राज्य में बेहतर विधि व्यवस्था का संधारण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में से एक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुनियोजित अपराध को रोकने के लिए पुलिस एक प्रभावशाली प्लान तैयार कर चिन्हित अपराधियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑर्गनाइज्ड क्राइम तभी रुकेगा जब स्ट्रांग पुलिसिंग का डर अपराधियों के भीतर दिखाई दे। पुलिस का भय अपराध करने वालों में होना आवश्यक है। मुख्यमंत्री के समक्ष पुलिस अधिकारियों ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में विभिन्न अपराध कांडों में कमी आयी है। दहेज हत्या से प्रभावित जिलें पलामू गढवा, हजारीबाग, गिरिडीह, धनबाद एवं सामान्य हत्या बोकारो में ज्यादा फोकस करते हुए इन कांडों में नियंत्रण के किए कार्य किए जा रहे हैं। सामान्य हत्या शीर्ष में रांची, गुमला तथा चाईबासा जिला में भी कार्रवाई की जा रही है।



### अवैध मादक पदार्थों के कारोबार की रोकथाम के लिए व्यापक अभियान चलाएं

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पुलिस राज्य में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार की रोकथाम के लिए व्यापक विशेष अभियान चलाकर लोगों को कानून की जानकारी दें। शहरी एवं ग्रामीण सभी जगहों के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान के विषय पर जानकारी दें। जागरूकता से ही मादक पदार्थ के सेवन में कमी आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मादक पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ कार्रवाई तेज करने के लिए प्लान के साथ आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत कई वर्षों से पुलिस ने अभियान चलाकर हजारों एकड़ में अफीम की तैयार फसल नष्ट भी की है, लेकिन इसके बावजूद वन भूमि में अफीम के धंधे को पूरी तरह रोक पाना मुमकिन नहीं हो पाया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के साथ बेहतर समन्वय बना कर वनभूमि में हो रही अफीम की खेती को जड़ से नष्ट करें तथा यह सुनिश्चित करें कि वैसी जगहों पर दोबारा नशीले पदार्थों की खेती न हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिला पुलिस-प्रशासन की ओर से व्यापक प्रचार-प्रसार कर नशीले पदार्थ की खेती करने पर मिलने वाली सजा की जानकारी दें। अफीम सहित किसी भी प्रकार की नशीले पदार्थ की खेती और कारोबार कानूनन जुर्म है।

**मंईंया सम्मान योजना पर बोला झामुमो**

# 11 तारीख को खाते में चली जायेगी राशि

बंशीधर न्यूज

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 11 दिसंबर को मंईयां सम्मान योजना की राशि 2,500 रुपये महिलाओं के खाते में भेज दी जायेगी। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम के बाद भाजपा को झटका लगा है। इस विधानसभा चुनाव में 28 रिजर्व सीटों में 27 हम जीते हैं, जो एक सीट बची है, उसमें भी बहुत कम अंतर है। इसके बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी थोड़े सक्रिय हो गए हैं। भट्टाचार्य मंगलवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी ने सरकार को आदिम जनजाति को लेकर सुझाव दिये हैं। इस सुझाव में खास तौर पर पहाड़िया जनजाति को लेकर चिंता व्यक्त की गई है। उन्होंने कहा कि ओडिशा और छत्तीसगढ़ में भाजपा के ट्राइबल मुख्यमंत्री हैं और वहां 15 ट्राइबल आदिम जनजाति के तौर पर चिन्हित किये गये हैं। भट्टाचार्य ने बाबूलाल से निवेदन करते हुए कहा कि आप छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और ओडिशा का दौरा करें। साथ कहा कि मरांडी इन राज्यों की स्टडी करें, वहां के आदिम जनजातियों की स्थिति और आर्थिक सामाजिक और शैक्षणिक हालत क्या हैं, ये देखने का काम करें। उन्होंने बाबूलाल मरांडी को सचेत करते हुए कहा कि आप बाहर के नेताओं के चक्कर में न पड़ें। साथ ही सवाल किया, आपने क्या कभी असम के चाय बगान में काम करने वाले ट्री ट्राइब्स की चर्चा की। भट्टाचार्य ने कहा, आपको ये सवाल असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा से करनी चाहिए। शिवराज सिंह चौहान से करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड के आदिवासी मूलवासी लोगों ने हमें जो आशीर्वाद दिया, उन्हीं के बेटे को भाजपा के तमाम नेता अपदस्थ करने के लिए बाहर से आए थे लेकिन झारखंड की जनता ने उनको नकार दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड का नया मंत्रिमंडल समावेशी होगा।





### झारखंड पुलिस सेवा के 41 डीएसपी को वेतनमान में प्रोन्नति

**रांची।** झारखंड पुलिस सेवा के 41 डीएसपी को एमएसीपी योजना का लाभ मिला है। अब इन्हें लेवल 10 के तहत वेतन मिलेगा। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना में कहा गया है कि झारखंड पुलिस सेवा के द्वितीय बैच के पदाधिकारी को एमएसीपी योजना का लाभ उनके संबंध में दायर पीएआईएल और अन्य याचिका के क्रम में सीबीआई केस को लेकर फलाफल से प्रभावित होगी। इसके अलावा जारी अधिसूचना में यह भी किया गया है कि जिन 41 डीएसपी को एमएसीपी योजना का लाभ दिया गया है, उनके संबंध में किसी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर एमएसीपी योजना का लाभ रद्द कर दिया जाएगा और उन्हें भुगतान की गई राशि की प्रतिपूर्ति कर ली जाएगी। वेतन लाभ पाने वाले अधिकारियों में शिवेंद्र, राधा प्रेम किशोर, मुकेश कुमार महतो, मजरूल होदा, अविनाश कुमार, विनोद कुमार महतो, शशि प्रकाश, अजय कुमार द्वितीय, सतीश चंद्र झा, पुरुषोत्तम कुमार सिंह, कुमार वेंकटेश्वर रमन, संदीप कुमार गुप्ता, विकास चंद्र श्रीवास्तव, सुमित कुमार, राजा मित्रा, राजकिशोर, अजीत कुमार विमल, ज्ञान रंजन, कौशर अली, अमर पांडे, अभिषेक कुमार, संजय कुमार प्रथम, संजीव कुमार बेसरा, अजय केरकेट्टा, विनोद रवानी, जीतवाहन उरांव, अशोक कुमार सिंह प्रथम, मुजीबुर रहमान, भूपेन्द्र रावत, आनंद ज्योति मिंज, तौकीर आलम, समीर कुमार सवैया, श्रद्धा केर-केट्टा, पूनम मिंज, अमित कच्छप, संदीप भगत, प्रदीप पॉल कच्छप, प्रकाश सोय, आशीष कुमार महली, अरविंद कुमार बिन्हा और नवनीत एंथोनी हेंब्रम शामिल हैं।

# रेलकर्मियों के लिये पुरानी पेंशन स्कीम बहाली हमारी प्राथमिकता : बीएम पांडेय




बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर/श्री बंशीधर नगर** : यूनियनों की मान्यता के लिये भारतीय रेल के सभी 17 जोन में चुनाव प्रक्रिया शुरू है और यह छह दिसंबर तक चलेगा। हाजीपुर जोन के अंतर्गत छह यूनियनों के लिये इस चुनाव को महत्वपूर्ण बताते हुये ईसीआरएमसी (ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस) के संयुक्त महासचिव सह टीटीई इंस्पेक्टर बीएम पांडेय ने कहा कि उनकी यूनियन की प्राथमिकता रेलकर्मियों की पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) को बहाल कराना है। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन स्कीम लागू होने से रेलकर्मियों में एक नई ऊर्जा का संचार होगा और उनकी आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित होगी। श्री पांडेय ने बताया कि 17 वर्षों से सत्ता में रहनेवाली यूनियन के प्रति रेलकर्मियों का मोहभंग हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस यूनियन ने रेलकर्मियों के हित में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है, जिससे कर्मियों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार रेलकर्मियों ने बदलाव का मन बना लिया है, जिससे चुनाव दिलचस्प हो गया है। उन्होंने बताया कि यूनियन की मान्यता के लिये कुल मतों का कम से कम 35 प्रतिशत उनके पक्ष में आना आवश्यक है। वहीं भारत के 17 जोनों में से किसी भी यूनियन को 50 प्रतिशत से अधिक मत मिलने पर वह पीएनएम (परमानेंट नेगोशिएशन मैकेनिज्म) की बैठकों में भाग लेने का अधिकारी बन जाती है। उन्होंने सभी रेलकर्मियों से ईसीआरएमसी के पक्ष में मतदान की अपील की है। उधर श्री बंशीधर नगर संवाददाता के अनुसार ईसीआरएमसी (ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस) के संयुक्त महासचिव सह टीटीई इंस्पेक्टर बीएम पांडेय ने नगर ऊंटारी रेल कर्मियों से मुलाकात कर ईसीआरएमसी के पक्ष में मतदान की अपील की। रेल कर्मियों से मुलाकात करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुये टीटीई इंस्पेक्टर बीएम पांडेय ने कहा कि चुनाव में ईसीआरएमसी की जीत निश्चित है। सभी लोगों ने बदलाव का मन बना लिया है। उस मौके पर कई लोग मौजूद थे।



## न्यूज अपडेट्स

### हादसे में बाल-बाल बची सत्या की पत्नी

**मझिआंव**: श्री बंशीधर में गोली काण्ड में मृतक सत्येंद्र कुमार पासवान उर्फ सत्या पासवान की पत्नी मोटरसाइकिल दुर्घटना में बाल- बाल बची। आपको बता दें कि श्री बंशीधर नगर के गोसाईबाग के पास गढ़वा के ऊंचरी गांव निवासी सुरेश पासवान के पुत्र सत्येंद्र कुमार को अज्ञात अपराधियों के द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई। जिसकी सूचना पर उसकी पत्नी पिंकी देवी उर्म 22 वर्ष ने अपने दो मासूम बच्चों के साथ जपला से गढ़वा अपने भतिजा के साथ मोटरसाइकिल से जा रही थी। इसी दौरान मझिआंव-गढ़वा मुख्य सड़क के बकोईया गांव के प्राथमिक विद्यालय के समीप महिला का साड़ी मोटरसाइकिल के चक्का में फस गया। ,पती की हत्या की मामले को सूनकर उसकी पत्नी पिंकी देवी इतनी घबराई हुई एवं जल्दी में थी कि उसे पता ही नहीं चला, जब सारा साड़ी मोटरसाइकिल के चक्का में लपटते चला गया, तब जाकर गाड़ी को रूकवाई इसके बाद लोगों की सहयोग से उसे मोटरसाइकिल के चक्का से साड़ी को किसी तरह निकाला गया,तथा उसे किसी तरह तन को ढककर उसे गढ़वा भेजा गया। मोबाइल पर उन्होंने बताई कि मेरा घर गढ़वा के ऊंचरी गांव में है,मैं जपला में अपने बच्चों को पढ़ने को लेकर डेरा लेकर रहती हूं , अपने पति की हत्या के बारे में उन्होंने बताई की पार्टी देने के श्री बंशीधर ले गये और उसका पति का हत्या कर दिया गया ,कौन किया, क्यों किया वह कुछ भी नहीं बता पाई, इसके बाद वह रोने- चिल्लाने लगी और मोबाइल काट दी। इस तरह एक तरफ पति की हत्या वहीं दूसरी तरफ उसकी पत्नी की भी मोटरसाइकिल दुर्घटना होते होते-होते बच गयी और वह बाल -बाल बची, उसके साथ में दो मासूम बच्चे भी मोटरसाइकिल पर सवार थे, जिसमें एक लड़की एक लड़का जिसका उम्र क्रमश: 4 एवं 5 साल की है।

## बड़ा संकट ▶ औने-पौने दाम पर बिकने लगे हैं धान

# खलिहान में ही लगने लगी हैं साहूकारों की दुकानें

**धान अधिप्राप्ति केंद्र खुलने से पहले करीब 60 फीसदी किसानों के धानों की हो जायेगी बिक्री**

**सरकारी निर्देशों के अनुसार 15 दिसंबर से खुलेगा जिले में 38 धान विक्रय केंद्र**

बंशीधर न्यूज

**विश्रामपुर** : सरकार के निदेर्शों के अनुसार जिले में 15 दिसंबर से धान अधिप्राप्ति किया जाना सुनिश्चित किया गया है। शत प्रतिशत अधिप्राप्ति के लिये जिले के 38 पैक्स के माध्यम से 2 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिले के डीसी ने इसके लिये जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक कर जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी व जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिया है। लेकिन क्षेत्र में स्थिति कुछ अलग ही है। गेहूं समय पर लगाने को लेकर जिले के किसान धानों की कटनी कर गेंहू की खेत तैयार कर बोआई शुरू कर दिया है। क्योंकि गेंहू लगाने के लिये 15 नवंबर से 15 दिसंबर तक का समय सर्वोत्तम माना जाता है। क्षेत्र के करीब 60 फीसदी किसानों के धान की बिक्री हो गयी है। आखिर उन किसानों को सरकार द्वारा निर्धारित दर का लाभ कैसे मिल पायेगा? अब यह सवाल सरकार व जिला प्रशासन के लिये अहम ही नहीं चुनौतीपूर्ण हो गया है। दूसरी धान क्रय के लिये ज्यादातर वैसे ही लोग निबंधन करा रहे हैं, जिन्हें धान का विक्रय नहीं व्यापार करना है। अगर इसकी जांच हुई तो इसमें शामिल रैकेट का खुलासा हो जायेगा। अब सवाल उठता है करेगा कौन? क्योंकि केवल घोषणा से किसानों की हालात नहीं बदल सकती। धान खरीदने वाले व्यवसायी गांव गांव घूम रहे हैं। क्रय किये गये धान की खेप प्रतिदिन पड़ोसी राज्यों में जा रहा है जहां उन्हें ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। जिला प्रशासन के लिये किसानों को उनके फसलों का उचित दाम दिलाना फिलहाल चुनौती बन गया है। अब देखना है सरकार उन किसानों के लिये कौन सा कदम उठाती है जिससे उन्हें लाभ मिल सके।

### बीआरपी ने की प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक



**श्री बंशीधर नगर** : प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में मंगलवार को प्रखंड साधन सेवी श्रीकांत चौबे की अध्यक्षता में सभी उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय, उत्क्रमित उच्च व मध्य विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय व नव प्राथमिक विद्यालय के सभी प्रधानाध्यापकों व संकुल साधन सेवी के साथ बैठक कर विभागीय कार्यो की समीक्षा किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के एमपी डब्लू दिलीप कुमार व नन्द कुमार ने स्वास्थ सबंधी जानकारी दी। उन्होंने सप्ताह में एक दिन बच्चों के भोजन के उपरांत वर्ग 6 से ऊपर के छात्र-छात्रओं को एनीमिया का टैबलेट तथा 1-5 वर्ग के बच्चों को गुलाबी रंग का टैबलेट देने की जानकारी दी। बैठक में कम्प्यूटर कौडिनेटर राजकुमार ने प्रोजेक्टर के माध्यम से आपार सबंधित जनकारी विस्तार से दिया। बीआरपी श्रीकांत चौबे ने सभी सीआरपी को बाल शिशु पंजी का फार्मेट सभी प्रधानाध्यापक को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने शिशु पंजी का कार्य सभी प्रधानाध्यापक को समय सीमा के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने त्रैमासिक माता-पिता-शिक्षक की बैठक आगामी 6 दिसंबर तक हरहाल में कर लेने का निर्देश दिया।

## गुणवत्ता के साथ योजनाओं को निर्धारित अवधि में पूरा करें : डीसी

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर** : डीसी शशि रंजन ने मंगलवार को तकनीकी विभाग के पदाधिकारियों संग बैठक कर विभागवार चल रही योजनाओं की समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के प्रति नाराजगी जतायी। डीसी ने बारी-बारी से विद्युत विभाग, पीएचईडी, ग्रामीण कार्य, पथ निर्माण, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, भवन निर्माण, जल पथ प्रमंडल विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का समीक्षा कर कई निर्देश दिये। उन्होंने विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान इलेक्ट्रिकल सब स्टेशन व वितरण की जानकारी ली। साथ ही बिजली बिल माफी के स्टेटस से भी अवगत हुये। उन्होंने कार्यपालक अभियंता से ससमय जले हुये ट्रांसफार्मर को बदलने की बात कही। इसी तरह उन्होंने पेयजल विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को तय समय पर पूरा करने को लेकर निर्देशित किया। नया शौचालय निर्माण की प्रगति की भी जानकारी ली। इसी तरह उन्होंने भवन निर्माण की समीक्षा करते हुये लाईब्रेरी निर्माण से भी अवगत हुये। समीक्षा के दौरान विभिन्न विभागों के तरफ से भूमि उपलब्धता से जुड़ी अड़चनों को लेकर कार्य प्रारंभ नहीं होने का मामला उठाया गया। इसपर डीसी ने ऐसे सभी अभियंताओं से कहा कि जमीन से जुड़ी समस्या को लेकर पूरी रिपोर्ट के साथ 5 दिसंबर को सभागार में होने वाली बैठक में शामिल होना सुनिश्चित करें। बैठक में कई स्थानों पर कंडम बिल्डिंग रहने का मामला भी प्रकाश में आया। इसपर डीसी ने सभी से कहा कि ऐसे सभी कंडम बिल्डिंग की सूची बनाकर डीडीसी को सौंपे, जिसके पश्चात डीआरडीए निदेशक की अध्यक्षता में एक टीम गठित कर ऐसे सभी कंडम बिल्डिंग पर उचित निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने डीडीसी को जिला परिषद से जेसीबी क्रय करने की बात कही। कहा कि जिला परिषद इतना बड़ा विंग है, जहां जेसीबी की जरूरत महसूस हो रही है। उन्होंने कहा कि कंडम बिल्डिंग को तोड़ने में जेसीबी को उपयोग में लाया जाय।

## बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ सनातनियों में उबाल

# शहर में निकाला विरोध मार्च, दिया गया धरना

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर** : बांग्लादेश में हिन्दू, सिख, जैन एवं बौद्धों पर हो रहे आक्रमण तथा अत्याचार को लेकर पलामू के सनातनियों में उबाल है। बांग्लादेश के इस कुकृत्य के खिलाफ सर्व सनातन समाज की ओर से मंगलवार को शहर के सुदना गायत्री मैदान से आक्रोश मार्च निकाला गया। समाज के लोगों द्वारा समाहरणालय परिसर में धरना भी दिया गया। इसके उपरांत देश के महामहिम राष्ट्रपति के नाम डीसी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बांग्लादेश में बढ़ रहे हिन्दुओं पर अत्याचार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गयी है। कहा गया है कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहा अत्याचार तत्काल बंद हो और इस्कॉन के सन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को तुरंत अन्यायपूर्ण कारावास से मुक्त किया जाय। बांग्लादेश में हिन्दुओं तथा अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा हमला, हत्या, लूट, आगजनी तथा महिलाओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार अत्यंत चिंताजनक है। इसकी भर्त्सना की जाती है। वर्तमान के बांग्लादेश सरकार तथा अन्य एजेंसियां इस अत्याचार को रोकने की जगह मुकदर्शक बनी हुई है। विवशतावश बांग्लादेश के हिन्दुओं द्वारा स्वरक्षण के लिये लोकतांत्रिक तरीके से उठायी गयी आवाज को दबाने के लिये उन्हीं पर अन्याय व अत्याचार का नया दौर उभरता दिख रहा है। कहा गया है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शनों में हिन्दुओं का नेतृत्व कर रहे संन्यासी चिन्मय कृष्णदास को बांग्लादेश सरकार द्वारा पकड़कर कारावास भेजना अन्यायपूर्ण है। जिले के नागरिक बांग्लादेश से यह आह्वान करते हैं कि वहां हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार तत्काल बंद हो और चिन्मय कृष्णदास को तत्काल कारावास से मुक्त किया जाय। ज्ञापन में भारत सरकार से बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों को रोकने की दिशा में किये जा रहे प्रयासों को जारी रखते हुये समर्थन में वैश्विक अभिमत बनाने के लिये शीघ्र आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है। मौके पर पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता, भाजपा नेता शैलेन्द्र कुमार शैलू, जनकपुरी बारालोटा के वशिष्ठ नारायणा चार्य, श्रीराम सेना के राज्य प्रमुख पंकज कुमार जायसवाल, सिख समाज से इंद्रजीत सिंह डिम्पल, अरविंद कुमार सिंह, शिव कुमार मिश्रा, अमित तिवारी समेत बड़ी संख्या में जिले के नागरिक उपस्थित थे।

### विश्रामपुर के महान विभूति महावीर प्र. पांडेय की मनाई गई 14 वीं पुण्यतिथि



**विश्रामपुर** : विश्रामपुर के महान विभूति महावीर प्रसाद पांडेय की 14 वीं पुण्यतिथि मंगलवार को मनाई गई। उक्त अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य कार्यक्रम जनता उच्च विद्यालय में हुआ। जहां सबसे पहले विद्यालय परिसर में स्थापित महावीर प्रसाद पांडेय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। उनके सम्मान में दो मिनट का मौन भी रखा गया। स्व पांडेय के छोटे पुत्र सह सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय ने कहा कि उनके पिता का सपना था कि विश्रामपुर शिक्षित और विकसित हो। इसके लिये उन्होंने लड़कों के लिये जनता उच्च विद्यालय व लड़कियों के लिये जमुना देवी कन्या उच्च विद्यालय सहित कई विद्यालयों की स्थापना कराई थी। उन्होंने विद्यालयों की स्थापना के लिये दर्जनों एकड़ जमीन दान किया है। संजय पांडेय ने कहा कि महावीर प्रसाद पांडेय कोई व्यक्ति नही बल्कि एक विचारधारा थे। जनता प्लस टू हाईस्कूल के प्राचार्य भोला राय ने स्व महावीर प्रसाद पांडेय की जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला। इसके अलावा यमुना देवी कन्या उच्च विधालय में भी स्व पांडेय को नमन किया गया। मौके पर गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय, प्राचार्य सरिता देवी, नीरज देवी, प्रमोद पाठक, अवध बिहारी तिवारी, प्रभव मिश्रा, प्रो अरुण कुमार सिंह, अनिल गुप्ता, जारद हुसैन, अमित कुमार, अनीश चोपड़ा, इरफान साजिद, लाल साहब, हीरा लाल प्रसाद, अरुण कुमार, नीतिक कुमार, प्रतिमा तोपों, इंदु कुमारी, लालो राम, दुर्गावती देवी, छात्रा रश्मि कुमारी, स्नेहा कुमारी, सुजाता कुमारी, रिया कुमारी, नेहा कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### रेहला थाने के तोलरा गांव के दो घरों के ताले तोड़कर लाखों की हुई चोरी

**विश्रामपुर** : रेहला थाना क्षेत्र के तोलरा गांव के दो घरों से एक ही रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर लाखों के नगद, जेवरात व घर के अन्य कई समान चुरा ले गये हैं। पीड़ित परिवार के लोगों ने इसकी लिखित सूचना थाने को देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। ग्रामीणों का कहना है कि इधर कुछ दिनों से क्षेत्र में चोरी की घटना बेतहासा बढ़ी है। घटना के समय घर में रविरंजन तिवारी के घर में कम सदस्य थे। कब चोरी हुई उन्हें इसकी भनक भी नहीं लगी। उनके परिवार के अन्य सदस्य नये घर पर रहते हैं। पीड़ित परिवार के लोगों का कहना है कि नकदी व जेवरात समेत लाखों की चोरी हुई है। वहीं एक रेलकर्मी नागेन्द्र चंद्रवंशी की घर से भी लाखों की चोरी हुई है। एक ही रात में हुई चोरी की दो घटनाओं से गांव के लोग भयभीत हैं। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि अभी वे छुट्टी पर हैं। मामले की छानबीन की जा रही है।

### बीपीएससी परीक्षा में 22 वां रैंक लाने वाली रिया का विधायक ने बढ़ाया हौसला



**मेदिनीनगर** : शहर के रेड़मा रांची रोड निवासी योगेंद्र प्रसाद चंद्रवंशी की पुत्री रिया बर्मा ऊर्फ जूही कुमारी ने बीपीएससी परीक्षा में 22 वां रैंक लाकर अपने माता-पिता व परिवार का मान-सम्मान बढ़ाया है। बीपीएससी का परिणाम आने के बाद से रिया के घर पर खुशी का माहौल है। परिवार, रिश्तेदार और आस पड़ोस के लोग रिया को बधाई दे रहे हैं। रिया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार के सभी लोगों को दिया है। बताया है कि पिता योगेंद्र प्रसाद और भाई अमित कुमार की प्रेरणा से उन्हें यह मुकाम हासिल हुई है। रिया ने लोगो को संदेश दिया की बेटियों की शिक्षा और उन्हें आगे बढ़ाने के लिये जागरूक होने की जरूरत है, क्योंकि आज भी कई जगहों पर बेटों और बेटियों में फर्क करने के मामले आते रहते हैं। जबकि पढ़ाई का अच्छा माहौल, सहयोग तथा प्रेरणा मिलने पर बेटियों ने खुद को साबित किया हैं।

### पारा शिक्षकों ने विधायक राधाकृष्ण किशोर को दी बधाई



**छतरपुर** : पारा शिक्षक छतरपुर-पाटन के नवनिर्वाचित विधायक राधा कृष्ण किशोर से मिले। उन्हें छठी बार छतरपुर पाटन का विधायक चुने जाने पर पुष्प गुच्छ और माला पहना कर शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने कहा कि छतरपुर नौडीहा के अवैध 512 पारा शिक्षकों को एक सिस्ट मॉडल के तहत 8 दिसंबर को 6 की संख्या में रांची बुलाया गया है। कैसे 512 परिवार का भला हो इस पर चिंतन मंथन किया जायेगा। उस मौक पर कोर कमेटी अध्यक्ष राजेश मिश्रा, सचिव बैजनाथ प्रसाद, रवींद्र पासवान, दिलीप सिंह, प्रेम शर्मा, दिनेश गुप्ता, वाकिंदर राम, मोबिन अंसारी, खुर्शीद अंसारी, शिव पासवान, अखिलेश राम, सत्यदेव सिंह, नागेंद्र यादव, अरुण यादव, मनोज सिंह, चंदन विश्वकर्मा, उमेश सिंह, प्रेमचंद प्रसाद, आजाद गुप्ता, अरुण विश्वकर्मा, संतोष सिंह, मनोज पटेल, रंजीत गुप्ता, पप्पू पटेल सहित काफी संख्या में पारा शिक्षक मौजूद थे।



# सादगी के प्रतिमूर्ति थे डॉ राजेंद्र प्रसाद : निदेशक

**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा :** शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट प्लस टू स्कूल में मंगलवार को देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी, सचिव सुषमा केशरी, उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने दीप जलाकर एवं भारत रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर की। मौके पर निदेशक श्री केशरी ने कहा कि डॉ राजेंद्र प्रसाद सादगी के प्रतिमूर्ति थे। बच्चों को उनके जीवन से देशभक्ति, सादगी, सेवा, त्याग की शिक्षा लेनी चाहिये। इतना ही नहीं वे संविधान सभा के अध्यक्ष के साथ साथ तत्कालीन कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे। वे स्वाधीनता के बाद आजाद भारत के प्रथम राष्ट्रपति बने। बाद में उन्हें भारतरत्न की उपाधि प्रदान की गई। इनका जन्म 3 दिसंबर 1884 को बिहार राज्य के सिवान जिला के जीरादेई नामक ग्राम में हुआ था। उनके पिता का नाम महादेव सहाय और माता कमलेश्वरी देवी था। डॉ राजेंद्र प्रसाद देशभक्ति के साथ-साथ बड़े ही विद्वान थे। उनके विषय में कहा जाता है कि किसी परीक्षा में परीक्षक ने उनके उत्तर पुस्तिका पर यह लिखा कि ह्लएग्जामिनी इज बेटर देन एग्जामिनरह्न वे भारतीय स्वतंत्रता सेनानी के साथ-साथ स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक थे। उनका कहना था कि दिखावटी और फिजूल खर्ची अच्छे मनुष्यों का लक्षण नहीं है। मौके पर शिक्षक संतोष प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, खुर्शीद आलम, नीरा शर्मा, शिवानी कुमारी, मुकेश भारती, कृष्ण कुमार, नीलम केशरी, ज्योति तिवारी, सरिता दुबे, पूजा प्रकाश सहित काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### डीएलएड का परीक्षाफल शत प्रतिशत

**गढ़वा :** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन के डीएलएड सत्र 2022-24 का झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा प्रकाशित परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। जिसमें इस बुसरा एजाज ने 1162 अंकों के साथ प्रथम, आजम इकबाल अंसारी ने 1160 अंकों के साथ द्वितीय तथा शहनाज प्रवीण ने 1149 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह, कुलपति प्रो डॉ एमके सिंह तथा कुलसचिव प्रोफेसर डॉ अजय भूषण प्रसाद ने सभी प्रशिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जबकि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सुनीता गुप्ता ने सभी प्रशिक्षुओ को उनके अच्छे परिणाम के लिये शुभकामना एवं बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बधाई देने वालों में अरविंद तिवारी, शशिकांत सिंह यादव, मनोज कुमार गुप्ता, आनंद कुमार चौबे आदि का नाम शामिल हैं।

### चोरी के टेम्पू के साथ गिरफ्तार

**विश्रामपुर :** नावा बाजार थाने के ब्रह्मोरिया गांव के कौशल पांडेय की चोरी गयी टेम्पू को पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस ने इस सिलसिले में चोरी गयी टेम्पू के साथ एक आरोपी को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने बताया कि रविवार की देर रात कौशल पांडेय के दरवाजे पर खड़ी टेम्पू चोरी हो गयी थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुये चोरी गयी टेम्पू के साथ राजहरा गांव के दीपरंजन पांडेय को गिरफ्तार किया गया है। दीपरंजन पांडेय की निशानदेही पर ही टेम्पू बरामद किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि दीपरंजन पहले भी ऑटो चोरी के आरोप में जेल जा चुका है।

## समीक्षा

## विधायक ने मझिआंव प्रखंड में की समीक्षा

# योजनाओं की ली जानकारी

**बंशीधर न्यूज**

**मझिआंव :** विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने प्रखंड कार्यालय के मंगलवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड क्षेत्र के संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इससे पूर्व बीडीओ श्रीमति कनक, कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार, थाना प्रभारी आकाश कुमार एवं रेफरल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोविंद प्रसाद सेठ ने विधायक को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इसके बाद नरेश प्रसाद सिंह ने बारी-बारी से सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों से परिचय प्राप्त किया। इसके बाद पेयजल स्वच्छता विभाग से जेई विवेक कुमार रवि ने अपने संबंधित कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि फर्स्ट फेज में मोरबे पंचायत से जनवरी में पेयजलापूर्ति चालू कर दिया जायेगा। बिजली विभाग के एई कमल कुमार गुप्ता ने कहा कि अभी नये सर्वे के अनुसार सभी जगह नंगा बिजली तार को और खंभा को चेंज किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि जहां पर सर्वे छूट गया हो वहां पर लोग आवेदन देकर सर्वे करवा कर पोल तार लगवा सकते हैं।



विधायक श्री सिंह ने कहा कि ट्रांसफार्मर देने में क्यों विलंब होता है और जहां पिछड़ा आबादी है वहां महीना दो महीने लग जाते हैं और वीआईपी लोग जाते हैं तो उन्हें तुरंत ट्रांसफार्मर दे दिया जाता है यह गलत है। इस संबंध में हम उच्च स्तरीय भी बात करेंगे और वैसे स्थान पर जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर देने का काम किया कीजिये। वहीं जेएसएलपीएस से एफटीसी राजेदेव बाड़ा ने महिला समुह के बारे में विस्तार से बताया और उन लोगों के लिये दिये जा रहे लोन के भी बारे में जानकारी दी। शिक्षा विभाग के बीईओ के अनुपस्थिति में सीआरपी मोदस्सर नजर ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में टोटल 72 विद्यालय हैं। जिसमें 16800 बच्चे पढ़ रहे हैं। सभी लोगों का डाटा ऑनलाईन नहीं है। स्कूल में पढ़ने वाले जनरल कैटेगरी के बच्चों को साईकिल नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि इन लोगों को जिला से साईकिल उपलब्ध किया जायेगा। वहीं कृषि विभाग से सुरेश सिंह ने बताया कि टारगेट के अनुसार सिंचाई के लिये किसानों को 9 सोलर पंप दिया जा रहा है। मनरेगा बीपीओ अजीत कुमार सिंह ने भी मनरेगा से संबंधित चल रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। वहीं पीएम आवास को-ऑर्डिनेटर राशिद अंसारी ने आवास से संबंधित जानकारी दी। इस दौरान पीएम आवास एवं अंबेडकर आवास में घोर अनियमितता को लेकर विधायक ने को-ऑर्डिनेटर की क्लास लगाई और उन्होंने कहा कि जिसे आवास जरूरी है उसे नहीं मिल रहा है। जिस व्यक्ति को पहले से आवास है उन लोगों को आवास दिया गया है। अबुआ आवास, प्रधानमंत्री या अंबेडकर आवास हो इस पर गहनता से जांच कर सबसे पहले गरीब लोगों को प्राथमिकता देते हुये आवास देने का काम करें। जो पहले हुआ वो गलत है और हमारे समय यह नहीं चलेगा। इसके बाद बाल विकास परियोजना से महिला पर्यवेक्षिका, राशन से संबंधित मुकेश कुमार पांडेय, पेंशन से संबंधित प्रशांत कुमार मिश्रा, पंचायती राज से संबंधित कार्तिक कुमार, अंचल से संबंधित प्रभारी सीआई धनलाल उरांव, लघु उद्योग कुटीर विभाग के कोऑर्डिनेटर हीरानंद से भी संबंधित कार्यों के बारे में जानकारी दी। समीक्षा बैठक में लगभग 45 मिनट के विलोम से आये कल्याण विभाग प्रभारी पदाधिकारी श्रीकांत उपाध्याय ने भी अपने विभागीय कार्यों के बारे में जानकारी दी। समीक्षा बैठक के दौरान विधायक ने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को कहा कि जो पहली गलती हुआ है उसमें सुधार लाएं और अब गलत काम बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। दुर दराज से आ रहे गरीब गुरबों को परेशान नहीं करें अगर क्षेत्र की गरीब जनता परेशान होगी तो आप सब भी परेशान होंगे। समीक्षा बैठक का समापन बीडीओ द्वारा किया गया। वहीं समीक्षा बैठक समाप्त होने के बाद विधायक ने बीस सूत्री कार्यालय में भी जाकर उपस्थित सदस्यों से मुलाकात की। इस दौरान पंचायत मुखिया शंभू पासवान, महताब आलम, मुखिया प्रतिनिधि विजय राम, कृपाल सिंह, इंदल सिंह, आनंद यादव, सतीश ठाकुर, पंकज सिंह सहित अन्य लोगों ने नवनिर्वाचित विधायक को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर हरिनाथ चंद्रवंशी, वीरेंद्र सोनी, दीनानाथ प्रसाद, प्रधान सहायक लव कुमार, प्रखंड नाजीर जितेन्द्र सिंह, अंचल प्रधान सहायक संतोष दुबे, नाजीर प्रेम शंकर पाठक, पंचायत सचिव रवींद्र नाथ दुबे, जनसेवक परमानंद प्रसाद, एई चिन्मय दुबे, जेई अशलेश तिवारी, मनरेगा लिपिक अखिलेश कुमार, रोजगार सेवक वीरेंद्र प्रसाद, नरेंद्र सिंह, प्रेम राम, आलोक सिंह सहित कई कर्मी मौजूद थे।

## दिव्यांग दिवस पर विधिक जागरूकता



**गढ़वा :** माननीय सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली, उच्च न्यायालय झालसा रांची के निदेर्शानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा अध्यक्ष नलिन कुमार एवं सचिव रवि चौधरी के निर्देश पर मंगलवार को गढ़वा प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोह में विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पीएलवी कृष्णानंद दुबे ने दिव्यांगों के अधिकार, उन्हें समाज के मुख्यधारा में जोड़ने, दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने, दिव्यांग पेंशन दिलाने, दिव्यांग को उपकरण उपलब्ध कराने, बच्चों से मैत्रीपूर्ण व्यवहार करने एवं शिक्षा चिकित्सा पालन पोषण देखरेख आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। वहीं पीएलवी रामाशंकर चौबे ने गीत के माध्यम से दिव्यांग के समस्याओं पर प्रकाश डाला। पीएलवी रवींद्र कुमार यादव ने बच्चों को अच्छी शिक्षा ग्रहण करने की बात बताई। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक पुष्पेंद्र कुमार रजक, शिक्षिका अमृता पाठक, गायत्री तिवारी, नरगिस खातून, रवि रंजन सिंह, अभय त्रिपाठी, राजन कुमार सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## कार बिजली खंभा से टकरायी



**मझिआंव :** कांडी-मझिआंव मुख्य सड़क पर लंगोटिया पापा के पास मंगलवार की सुबह नेक्सा कार अनियंत्रित होकर बिजली के पोल में टक्कर मारते हुये दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार कार में चार लोग सवार थे जो घायल हो गये। कार सवार सभी लोग कांडी थाना क्षेत्र के बहेरवा गांव निवासी शिव सिंह के यहां से गढ़वा अपने घर जा रहे थे। कार शिव सिंह के भगिना का बताया जा रहा है। इधर दुर्घटना के दौरान 11 हजार का बिजली खंभा भी क्षतिग्रस्त हो गया। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली थी, लेकिन कोई जान माल का नुकसान नहीं हुआ और दुर्घटनाग्रस्त कार को इंश्योरेंस कंपनी के द्वारा ले जाया गया है।

## विधिक अधिकारों के प्रति किया जागरूक



**विश्रामपुर :** जिला व सत्र न्यायधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन व जिला विधिक सेवा प्राधिकार अर्पित श्रीवास्तव के नेतृत्व में इनदिनों वृहद विधिक जागरूकता कार्यक्रम पूरे जिले के ग्रामीण इलाकों में चलाया जा रहा है। इसी के तहत मंगलवार को विश्रामपुर नगर परिषद के मायापुर गांव में पीएलवी अखिलेश चौबे ने विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर लोगों को कानूनी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकार आम लोगों को हर तरह की विधिक सेवा मुफ्त उपलब्ध कराता है। न्याय सबके लिये है, इसकी समुचित जानकारी भी सभी लोगों को होनी चाहिये। इसके लिये डीएलएसआर द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति को नि:शुल्क विधिक सेवा मुहैया कराया जाता है। मौके पर विनोद कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

## पर्यवेक्षक के पद पर सतीश कुमार ठाकुर की प्रतिनियुक्ति

**बंशीधर न्यूज**

**मझिआंव :** संविधान रक्षक अभियान को सफल बनाने के लिये बीससूत्री कार्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित किया गया। इस दौरान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी जिला की ओर से बरडीहा प्रखंड के लिये पर्यवेक्षक के पद पर सतीश कुमार ठाकुर को प्रतिनियुक्ति किया गया है। इसके लिये प्रखंड कांग्रेस इकाई की ओर से प्रतिनियुक्त सतीश कुमार ठाकुर को



बीस सूत्री कार्यालय कक्ष में उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष आनंद यादव ने आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की ओर से पूरे देश में 26 नवंबर से लेकर 26 जनवरी तक देशव्यापी संविधान रक्षक अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिये नगर पंचायत तथा प्रखंड स्तर पर पर्यवेक्षक की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। ताकि संविधान रक्षक अभियान को सफल बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस अभियान में संविधान की रक्षा और इसके सिद्धांतों के प्रति समर्पण प्रकट करना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत समाज में फैले भेदभाव को समाप्त करना है। गरीबों एवं संविधान के खिलाफ पूंजीवादी पूर्वाग्रह को उजागर करना है। साथ ही गारंटीकृत लोकतंत्र और स्वतंत्रता पर भाजपा द्वारा लगातार किये जा रहे हमले का विरोध करना है। वहीं इस दौरान सतीश ठाकुर ने कहा कि पार्टी के द्वारा जो मुझे जिम्मेवारी सौंपा गया है उसे अच्छे तरीके से निर्वहन करुंगा। मौके पर बीससूत्री के प्रखंड अध्यक्ष विजय दुबे, सत्येंद्र पांडेय, रमाकांत दुबे, विनय दुबे, हरदेव राम आदि उपस्थित थे।

## विधायक गढ़वा अपने विकास की तैयारी में लग गये हैं : झामुमो

# चरणबद्ध आंदोलन करेगा झामुमो : धीरज दूबे

**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमेटी ने होटल शिवाय में प्रेसवार्ता आयोजित कर विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी पर गंभीर आरोप लगाया है। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि गढ़वा में हो रहे विकास कार्यों को अवरुद्ध कर संवेदकों से मोटी रकम वसूलने का प्रयास किया जा रहा है। चुनाव जीतते ही विधायक श्री तिवारी विकास की नियत को दरकिनार कर पुनः पुराने नीति-सिद्धांत को अपनाते



हुये विनाश करने का हथकंडा अपना रहे हैं। साथ ही कई पुरानी योजनाएं जो गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र में पाईपलाईन में है जिसपर काम जारी है वहां अपने कार्यकताओं को आगे कर संवेदकों पर कमीशन पहुंचाने का दबाव बनाया जा रहा है। अगर ऐसे विकास विरोधी हरकत विधायक एवं उनके कार्यकर्ताओं के द्वारा जारी रहता है तो ग्रामीणों को साथ लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा चरणबद्ध आंदोलन करेगी और विकास कार्यों को रोकने वाले लोगों का काला चेहरा जनता के सामने उजागर करने का काम करेगी। झामुमो नेताओं ने कहा कि पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के कार्यकाल में पारित योजनाओं को सिर्फ धरातल पर उतारने में वर्तमान विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी सफल हो जाते हैं तो उन्हें 2027 तक किसी भी नई योजनाओं को पास करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। परंतु सत्येंद्र नाथ तिवारी गढ़वा की विकास की बजाय अपना विकास करने की तैयारी में लग गये हैं। प्रेसवार्ता में केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, मिथिलेश झा, शाकिर अहमद आदि मौजूद थे।

# नवनिर्वाचित विधायक ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

**बंशीधर न्यूज**

**कांडी :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लमारी कला पंचायत के हरिगावां बस स्टैंड स्थित खेल मैदान में मंगलवार को स्व रामप्रसाद सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मझिआंव-विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने फीता काटकर, खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व बैटिंग कर क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का उद्घाटन किया। इससे पूर्व लमारी कला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रिंकु सिंह ने मुख्य अतिथि नरेश प्रसाद सिंह




के अलावा अन्य विशिष्ट अतिथियों को भी माल्यार्पण कर व अंगवस्त्र प्रदान कर स्वागत किया। उद्घाटन मैच सुंडीपुर बनाम पलामू जिले के कादल गांव की टीम के बीच खेला गया। टॉस जीतकर सुंडीपुर की टीम ने बैटिंग करने का निर्णय लिया। समाचार लिखे जाने तक दोनों टीमों के बीच मैच खेला जा रहा था। मंच का संचालन डॉ दिनेश पासवान ने किया। मौके पर बीडीओ सह सीओ राकेश सहाय, जिला परिषद प्रतिनिधि दिनेश कुमार, नारायण यादव, रिंकु सिंह, गाड़ा खुर्द पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि नीरज सिंह, लालू यादव, अरुण राम, अतीस सिंह, अभिनंदन शर्मा, पूर्व मुखिया विनोद प्रसाद, बटेश्वर सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।




## एक्ट्रेस श्रद्धा आर्या बनीं मां, जुड़वा बच्चों को जन्म

टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस और 'कुंडली भाग्य' फेम श्रद्धा आर्या मां बन गई हैं। श्रद्धा ने जुड़वा दो बच्चों को जन्म दिया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए अपने बच्चों के जन्म की खबर अपने प्रशंसकों के साथ शेयर की है। शादी के तीन साल बाद श्रद्धा और उनके पति राहुल नागल माता-पिता बन गए हैं। श्रद्धा ने अपने बिस्तर के बगल में रखे गुब्बारों का एक वीडियो शेयर किया। इन गुब्बारों पर 'बेबी बॉय' और 'बेबी गर्ल' लिखा हुआ है। यानी उन्होंने एक बेटा और एक बेटी को जन्म दिया है। उन्होंने वीडियो के कैप्शन में लिखा, ₹इन दोनों के आने से हमारा परिवार पूरा हो गया है। 'कुंडली भाग्य' की प्रीता यानी श्रद्धा अब जुड़वा बच्चों की मां हैं। अद्रिजा रॉय, स्वाति कपूर, रूही चतुवेर्दी, कृष्णा मुखर्जी, ट्विंकल वशिष्ठ जैसे कलाकारों ने कमेंट कर श्रद्धा को बधाई दी है। श्रद्धा की पोस्ट पर फैन्स ने भी लाइक्स और कमेंट्स की बौछार कर दी है। श्रद्धा ने तीन साल पहले राहुल से शादी की थीएक्ट्रेस श्रद्धा आर्या और राहुल नागल की शादी वर्ष 2021 में हुई। श्रद्धा अभिनय के क्षेत्र में काम कर रही हैं, जबकि उनके पति राहुल एक नौसेना अधिकारी हैं। दोनों की शादी बड़ी धूमधाम से हुई। उनकी शादी के वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुए थे। अब तीन साल बाद दोनों माता-पिता बन गए हैं और उनके घर जुड़वां बच्चे आए हैं।

## प्रसिद्ध अभिनेता पार्क मिन जे का 32 की उम्र निधन




लोकप्रिय कोरियाई अभिनेता पार्क मिन जे का निधन हो गया है। उन्होंने 32 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। उनकी एजेंसी बिग टाइटल और के-मीडिया ने उनकी मृत्यु की सूचना दी। उनके निधन की खबर सुनकर फैंस सदमे में हैं। पार्क मिन जे ने कम उम्र में ही साउथ कोरियाई मनोरंजन जगत में अपना नाम बना लिया। उनके कुछ हिट के-ड्रामा के कारण दुनिया भर में उनके प्रशंसक हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 29 नवंबर को उन्हें दिल का दौरा पड़ा। यह घटना तब हुई जब वह चीन में थे। उनके परिवार और रिपोर्ट के मुताबिक, 4 दिसंबर को इवा सियोल अस्पताल में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। पार्क मिन जे के छोटे भाई ने इंस्टाग्राम पर दुखद पोस्ट शेयर किया। हमारा प्यारा भाई अब हमें हमेशा के लिए छोड़कर चला गया है। हमें उम्मीद है कि अधिक से अधिक लोग उन्हें आखिरी बार देखने आएंगे, उनके भाई ने लिखा। पार्क मिन जे ने अपने करियर में कई लोकप्रिय के-ड्रामा में अभिनय किया है। 'टुमॉरो', 'लिटिल वुमन', 'कॉल इट लव', 'द कोरिया-खेतान वॉर', 'मि. ली' और 'बो-रा! उन्होंने 'डेबोराह' जैसे लोकप्रिय नाटक में महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभाईं। पार्क मिन जे 2021 में आईडीओएलः द कूप में अपनी भूमिका से प्रमुखता से उभरे। हाल ही में उन्हें 'स्नैप एंड स्पार्क' में देखा गया था।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस 2024 के अवसर पर 33 अनुकरणीय व्यक्तियों और संस्थाओं को दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया

# मैंने हरिहर मंदिर की बात की थी, परवाना ने हरमंदिर साहेब समझ लिया : पं. धीरेंद्र शास्त्री

**भोपाल।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर एवं कथावाचक पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने पंजाब के कट्टरपंथी बरजिंदर परवाना द्वारा उन्हें दी गई धमकी को लेकर कहा कि संभल के हरिहर मंदिर के बयान को समझने में उन्हें कुछ भेद हो गया, उन्हें एक बार फिर से मेरे बयान को सुनना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि उप्र के संभल जिले में मस्जिद के एएसआई सर्वे के दौरान हरिहर मंदिर के प्रमाण मिलने पर बयान दिया था कि अगर कोर्ट इजाजत दे तो वहां संत समाज जाकर हरिहर मंदिर की स्थापना कर देगा। इसे अमृतसर स्थित हरमंदिर साहिब समझ लिया गया। पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री मंगलवार को शिवपुरी जिले के करैरा में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान अपनी पदयात्रा से लेकर जान से मारने की मिली धमकी को लेकर बात की। उन्होंने जान से मारने की मिल रही धमकी को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि वीडियो के माध्यम से हमें भी खबर मिली है। कोई जत्थे के सरदार परवाना जी हैं। उन्होंने हमारे वीडियो के अर्थ को अनर्थ समझा। मैंने पदयात्रा के मध्य में उत्तर प्रदेश के संभल में जो जामा मस्जिद के लिए कोर्ट में अभी मुकदमा चल रहा है, एएसआई सर्वे भी हुआ। सर्वे के तहत हरिहर मंदिर



के प्राचीन लेख और इतिहास मिले...इस संबंध में बयान दिया था।

उन्होंने बताया कि मैंने कहा था- यदि कोर्ट अपना आदेश निकालेगी तो हम सब महात्मा वहां जाकर प्राण-प्रतिष्ठा और अभिषेक करेंगे। पंजाब के परवाना जी ने जान से मारने की धमकी दी है। सरदार हमारे, सिख हमारे भाई हैं। हमारा परिवार हैं। उनकी तालियां, गालियां, धमकियां, उनका प्यार सब हमें स्वीकार है। उनको समझने में थोड़ा सा भेद हो गया, इसलिए उन्होंने इस प्रकार के शब्दों को बोला है। एक बार हमारे बयान को फिर से सुनें। हम नहीं चाहते कि हिंदू और सिख दो अलग-अलग हो जाएं, क्योंकि हर मंदिर साहेब के प्रति हमारी स्वयं की निष्ठा है। हम स्वयं गुरुओं की पावन नगरी अमृतसर जाएंगे। परवाना जी हमारे अपने हैं। सिख धर्म के सब हमारे अपने हैं। परवाना जी ने जो भी कहा है, उनसे भूल हुई है।

दरअसल, पंजाब के कट्टरपंथी बरजिंदर परवाना का सोमवार को एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वह एक मंच से यह कह रहे थे कि बागेश्वर धाम वाले साधु ने बयान दिया कि वह जो हरमंदिर है, वहां हम अपनी पूजा करेंगे। अभिषेक करेंगे और मंदिर बनाएंगे। बागेश्वर वाला बाबा नोट कर ले कि आज से उसकी उल्टी गिनती शुरू हो गई है। चाहे जैसे मर्जी हो, तुझे भी मार डालेंगे। तू आ तो सही। हरमंदिर साहेब तो दूर, बागेश्वर वाला बाबा अमृतसर या पंजाब में आकर दिखाए।

### हिंदुत्व के लिए भी एक बार और संशोधन

करैरा में मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए पं धीरेंद्र शास्त्री ने हिंदू राष्ट्र के लिए संविधान में संशोधन के संबंध में कहा कि हमें लोगों के दिलों में संशोधन चाहिए। रही बात संविधान की तो भारत के संविधान में 125 से ज्यादा बार संशोधन हो चुका है। हिंदुत्व के लिए एक बार और हो जाएगा तो कोई बड़ी बात नहीं है। आधार हमारा एक है। भेदभाव मुक्त करना, जात-पात मुक्त करना। लोगों के दिल में तलवार से नहीं विचारों से बदलाव आए। सनातन के प्रति सतर्क हों। अपनी आवाज को बुलंद कर धर्म विरोधियों को प्रति उत्तर देने का सामर्थ्य रखें। इस आधार पर हम हिंदू राष्ट्र बनाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत हिंदू राष्ट्र बन गया तो जातियां होंगी, पर जातिवाद नहीं होगा। हिंदू एक होगा, जातियों का सही स्थान होगा। जब उनसे सवाल किया गया कि शंकराचार्य जी ने कहा है कि आप जो हिंदुओं को जोड़ने की बात कर रहे हैं, राजनीतिक लोगों ने आपका इस्तेमाल किया है? पं. शास्त्री ने कहा कि वे हमारे आदर्श हैं। शंकराचार्यों पर हम कोई टिप्पणी नहीं कर सकते हैं। वे सनातन संस्कृति के आचार्य हैं। उन्हें कहने का पूरा अधिकार है। हमें यह अधिकार नहीं है। हमारा इस्तेमाल हमारे घरवाले नहीं कर पाए तो राजनेता क्या खाक करेंगे। आजादी के समय हिन्दू राष्ट्र घोषित नहीं करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि राजनीति पर टिप्पणी करना, मेरी समझ से सही नहीं है। 1947 में मैं तो था नहीं। होते जो हम जरूर मांग करते। सत्ता में होते तो घोषित करते।

## अकाली नेताओं की धार्मिक सजा शुरू

**चंडीगढ़।** अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुबीर सिंह द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद मंगलवार से पंजाब के अकाली नेताओं की सजा की शुरूआत



दरबार साहिब अमृतसर से हुई। पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल तथा अन्य अकाली नेता मंगलवार की सुबह दरबार साहिब पहुंचे। यहां सुखबीर बादल व सुखदेव सिंह ढींडसा ने सेवादारों वाला चोला पहनकर एक घंटे तक दरबार साहिब के मुख्य द्वार के बाहर बतौर पहरेदार डयूटी दी। इसके बाद सुखबीर बादल व अन्य सभी नेताओं ने संगत के साथ बैठकर एक घंटे तक पाठ सुना और खुद से हुई भूल के लिए क्षमा याचना की। सुखबीर बादल सुबह 9 बजे से 12 बजे तक गोल्डन टेंपल में रहे। कीर्तन सुनने के बाद सुखबीर बादल ने आखिर में जूठे बर्तनों की सेवा की। इसके बाद वह दरबार साहिब से रवाना हो गए। शाम को वह दोबारा दरबार साहिब पहुंचे और यहां उन्होंने जूतों की सेवा की। इस दौरान प्रत्येक सेवा में दरबार साहिब के प्रबंधकों ने उनकी हाजरी लगाई। वहीं पूर्व मंत्री बिक्रम मजीठिया और सुखदेव सिंह ढींढसा ने जूठे बर्तनों की सेवा की। इसके अलावा प्रेम सिंह चंदूमाजरा, सुरजीत सिंह रखड़ा, डॉ दलजीत सिंह चीमा, बिक्रम मजीठिया और महेश इंदर ग्रेवाल ने सार्वजनिक शौचालयों को साफ करके पहले दिन की सजा भुगती। बुधवार को भी अकाली नेताओं की यह सजा इसी प्रकार जारी रहेगी। इसके बाद अकाल तख्त द्वारा जारी निर्देश के अनुसार अकाली नेता अगले गुरुद्वारा साहिब में जाकर अपनी सजा पूरी करेंगे।

Hit लिस्ट

## 31.22 करोड़ रुपये फ्रीज, लग्जरी कारें जब्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 500 करोड़ रुपये से ज?यादा के रियल एस्टेट धोखाधड़ी के मामले में मेसर्स ओरिस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के दिल्ली-एनसीआर में 14 ठिकानों पर छापेमारी की। जांच एजेंसी ने इस दौरान 31.22 करोड़ रुपये की विभिन्न सावधि जमा, बैंक गारंटी तथा लग्जरी कारों को जब्त किया। ईडी ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि गुरुग्राम ने मेसर्स ओरिस इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि. एवं उसके निदेशकों विजय गुप्ता, अमित गुप्ता आदि और मेसर्स श्री सी शेल्टर्स प्रा.लि. तथा उसके प्रमोटर निर्मल सिंह उप्पल, विधुर भारद्वाज आदि के खिलाफ दिल्ली-एनसीआर में 14 स्थानों पर 25 नवंबर को तलाशी और जब्ती की कार्रवाई की गयी। ईडी ने बताया कि 500 करोड़ रुपये से अधिक के रियल एस्टेट धोखाधड़ी मामले में एजेंसी की ओर से ओरिस समूह की कंपनियों के नाम पर 31.22 करोड़ रुपये की विभिन्न सावधि जमा और बैंक गारंटी को जब्त किया गया है। इसके अलावा इन कंपनियों के प्रमोटरों से संबंधित बैंक खाते और लॉकर फ्रीज कर दिए गए और ओरिस समूह के एक निदेशक और प्रमोटर के आवास से मर्सिडीज, पोर्श, बीएमडब्ल्यू आदि चार लग्जरी कारें जब्त की गईं।

## विधेयक पर चर्चा मर्यादा में हो : रिजिजू



**नई दिल्ली।** संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने एक विधेयक पर चर्चा के दौरान मंगलवार को कांग्रेस नेता गौरव गोगोई की टिप्पणियों पर विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि विधेयक पर चर्चा की कोई सीमा होनी चाहिए। चर्चा के दौरान आप प्रधानमंत्री पर आक्षेप नहीं कर सकते। बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पर चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने प्रधानमंत्री मोदी को उद्योगपति गौतम अडाणी को जोड़ते हुए टिप्पणियां की थीं। इस पर सत्ता पक्ष की ओर से विरोध दर्ज कराया गया। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस नेता तीन बार से सदस्य हैं और उन्हें चर्चा का स्तर नहीं गिराना चाहिए। हम विपक्षी नेताओं को सम्मान देते हैं और विपक्ष को भी सम्मान देना चाहिए।

### एशिया कप-2024 : 7 से 15 दिसंबर तक मस्कट में होगा आयोजन

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ओमान रवाना

**बेंगलुरु।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम प्रतिष्ठित महिला जूनियर एशिया कप 2024 के लिए मंगलवार सुबह केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से मस्कट ओमान के लिए रवाना हुई। जूनियर एशिया कप जो एफआईएच जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग इवेंट है, 7 दिसंबर से 15 दिसंबर 2024 तक मस्कट, ओमान में आयोजित होने वाला है। भारतीय जूनियर महिला टीम पूल ए



में चीन, मलेशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश से भिड़ेगी जबकि पूल बी में दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपे, हांगकांग और श्रीलंका शामिल होंगे। गत चैंपियन के रूप में, भारत के अभियान की अगुवाई कप्तान ज्योति सिंह के साथ-साथ उप-कप्तान साक्षी राणा करेंगी और टीम में ऐसे खिलाड़ी भी शामिल हैं जिनके पास सीनियर टीम के साथ खेलने का अनुभव है जैसे वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनेलिता टोप्पो, मुमताज खान, दीपिका और ब्यूटी डुंगडुंग जबकि टीम के कोच भारत के पूर्व कप्तान तुषार खांडकर हैं। टीम रवानगी से पहले ज्योति सिंह ने कहा, ₹हम अपने अभियान को लेकर बहुत आश्वस्त और उत्साहित हैं। हमारे पास एक अच्छी, अनुभवी टीम है। हमने पिछले कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की है और टीम मस्कट, ओमान में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए काफी उत्सुक है। उप कप्तान साक्षी राणा ने कहा, यह देखकर खुशी हो रही है कि भारतीय जूनियर पुरुष टीम नॉकआउट चरण में प्रवेश कर रही है और वे खिताब की ओर बढ़ रहे हैं। हम उनके मैचों पर नजर रख रहे हैं और बाकी मैचों में हम उनका हौसला बढ़ाने के लिए वहां मौजूद रहेंगे। हम भारतीय हॉकी प्रशंसकों से आग्रह करते हैं कि वे हमें खेलते हुए देखें और हमारा उत्साह बढ़ाएं। मस्कट में एक बड़ा भारतीय समुदाय है, हमें उम्मीद है कि वे हमारा उत्साह बढ़ाने आएंगे।"

## पुरुष हॉकी जूनियर एशिया कपः भारत ने मलेशिया को हराया

**मस्कट।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने आज ओमान के मस्कट में पुरुष जूनियर एशिया कप के सेमीफाइनल में मलेशिया से मुकाबला किया और उन्हें 3-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका सामना बुधवार को पाकिस्तान से होगा। भारत के लिए दिलराज सिंह (10'), रोहित (45') और शारदा नंद तिवारी (52') ने गोल किया, जबकि कमरुद्दीन अजीमुद्दीन (57') ने खेल के अंत में मलेशिया के लिए एकमात्र गोल किया। मलेशिया ने फ्रंटफुट पर खेल शुरू किया और जल्द ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया। हालांकि, भारतीय रक्षा पंक्ति मजबूत रही। कुछ क्षण बाद, कप्तान चे नूर अकीलरूल्लाह ने एक



शक्तिशाली शॉट लगाया, लेकिन भारतीय गोलकीपर बिक्रमजीत ने इसे आसानी से रोक लिया। बढ़ते दबाव के परिणामस्वरूप मलेशिया को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन एक बार फिर कमरुद्दीन अजीमुद्दीन की फ्लिक को बचा लिया गया। भारत ने रक्षा क्षेत्र से तेजी से बदलाव की कोशिश की और 10वें मिनट में अरिजीत सिंह हुंदल ने दिलराज सिंह को पास दिया, जिसे उन्होंने गोल में बदलकर भारत को बढ़त दिला दी। मलेशिया ने दूसरे क्वार्टर में पिच संभाली और खेल में अपनी पकड़ बनाए रखी, कुछ पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए, लेकिन भारत ने उनके हर प्रयास को असफल कर दिया। भारतीय फारवर्ड अरायजीत और गुरजोत सिंह गोल करने के करीब पहुंचे, लेकिन असफल रहे। पहला हाफ भारत के पक्ष में 1-0 से समाप्त हुआ। भारत ने तीसरे क्वार्टर में तेज शुरूआत की, लेकिन मलेशिया ने भारतीय खिलाड़ियों के हर प्रयास को असफल किया। भारत को अंतिम सेकंड में पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस बार उप कप्तान रोहित ने ऊपरी दाएं कोने से एक शक्तिशाली ड्रैग फ्लिक के जरिए गोल कर भारत को 2-0 से आगे कर दिया।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)